पंजाब केसरी
2-03-2025

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथिगण, अध्यापकगण व विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

एक योग्य शिक्षक ही राष्ट्र को सशक्त और प्रगतिशील बना सकता है : त्रिलोचन सिंह

अम्बाला, 1 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एक विशेष संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद एवं भारतीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण त्रिलोचन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरुदेव सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, गवर्निंग बॉडी के महासचिव अजय अग्रवाल, कॉलेज की ट्रस्ट एवं प्रबंधक समिति के सचिव डी.एस. माथुर, ट्रस्ट एवं प्रबंधन समिति के कार्यकारी सदस्य चरणजीत सिंह सेठी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने उनका स्वागत किया।

सत्र की शुरुआत त्रिलोचन सिंह के सम्मान से हुई, जहां प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं मैनेजमैंट सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि त्रिलोचन सिंह का शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहेगा। प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरुदेव सिंह ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि त्रिलोचन सिंह की विद्वता और दूरदृष्टि समाज को नई दिशा देने में सक्षम है।

मुख्य अतिथि त्रिलोचन सिंह ने अपने सम्बोधन में अम्बाला के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों एवं छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक ही भविष्य के भारत की नींव रखते हैं। एक योग्य शिक्षक ही राष्ट्र को सशक्त और प्रगतिशील बना सकता है। मंच का सफल संचालन डा. अमित एवं डा. अनुपमा सिहाग ने किया।